सार-समाचार

कूरियर डिलीवरी बॉय माल लेकर फरार

अजमेर, (कासं)। ऑनलाइन शॉपिंग कूरियर कंपनी का डिलीवरी बॉय सात लाख रुपए का माल लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। कंपनी के प्रतिनिधि ने गंज थाने में कूरियर डिलीवरी बॉय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अजमेर के गंज थाना क्षेत्र में संचालित ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी के ग्राहकों तक उनका सामान पहुंचाने वाली इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड फर्म का डीलिवरी बॉय करीब सात लाख रुपए कीमत का सामान लेकर फरार हो गया। कोरियर कंपनी के अधिकारी संदीप जायसवाल ने गंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी अलवर निवासी चेतराम मीणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंज थाना पुलिस के अनुसार कंपनी अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि मेसर्स इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एक लॉजिस्टिक कंपनी है, जो रसद भंडारण परिवहन और सभी प्रकार की परिवहन सेवाओं के संचालन और कूरियर के व्यवसाय में कार्यरत है। कंपनी ग्राहकों तक उनका माल पहुंचाती है। अभियुक्त डिलिवरी बॉय चेतराम मीणा को ग्राहकों तक सामान पहुंचाने का काम सौंपा गया था। उसने 21 जनवरी से 18 फरवरी तक काम किया। 18 फरवरी को चेतराम मीणा बैग पटक कर यह कहते हुए चला गया कि उसके भाई का एक्सीडेंट हुआ है। बाद में उसके बैग की सामग्री की जांच की गई तो पता चला कि वह 7 लाख 44 हजार 320 रुपए कीमत का सामान लेकर भाग गया। जांच के माध्यम से यह पता चला कि अभियुक्त चेतराम सामान की चोरी कर रहा था। उसने ने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

शिलालेख हटाने के निर्देश जारी

अजमेर, (कासं)। अजमेर स्थित रीट कार्यालय में राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 1528 करोड़ की लागत से 2642 वी.सी द्वारा प्रदेश की नगरीय सड़कों का शिलान्यास किया गया, लेकिन गत दिनों द्रौपदी कोली नेता प्रतिपक्ष नगर निगम अजमेर व अजमेर दक्षिण विधायक का अनिता भदेल के बीच शिलालेख को लेकर तीखी नोकजोक हुईं थी, क्योंकि विधायक द्वारा स्वयं के नाम व भाजपा पदाधिकारियों के अंकित नाम का शिलालेख जबरदस्ती लगवाया था, जिसमें मुख्यमंत्री गहलोत का नाम तक नहीं लिखा गया और स्पष्ट कहा गया कि शिलालेख हमारे द्वारा लगना थो जो लगा दिया गया है, अब कोई हटाकर बताए। इसी के चलते द्रौपदी कोली का विरोध जायज था, इसे राज. सरकार ने माना और इस योजना के अंतर्गत पूर्व में बनी सडको जिनका पहले शिलान्यास किया जा चुका है, उन पर लगे शिलालेख को बदलने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए गये है। नगर निगम अजमेर में नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली की मेहनत रंग लाई- मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत बनने वाली सड़को पर अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल द्वारा सिर्फ अपने नाम का शिलालेख लगा कर वाह वाही लूटने मामले मे निगम मे नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस द्रोपदी कोली द्वारा जयपुर शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी अजमेर विभाग तुरंत हरकत में आया तथा अजमेर दक्षिण मे लगे कई बोर्ड पीडब्ल्यूडी के एईएन द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ उतरवाए जा रहे है।

बालाजी मंदिर में कार्यक्रम आयोजित

शाहपुरा, (नि.सं.)। शनिवार को धाकड मोहल्ला सिंचाई विभाग के पास बालाजी मंदिर में भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हुआ। प्रात: गाजेबाजो के साथ भगवान की शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा निकाली गई। मनोज भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि धाकड मोहल्लावासियों के सहयोग से पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर मंदिर में भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय एवं नन्दी की प्रतिमा स्थापित की। इस मौके पर हवन व विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। समारोह की पूर्व संध्या पर शाहपुरा श्याम भजन मंडली के भजन कलाकार भगवान गोस्वामी, मनोज भाटी, पंकज धूपड, शंकर धाकड, शुभम पोरवाल, लाल चंद पाराशर, अजय चितलांगिया, राघव प्रताप सिंह द्वारा भजन संध्या आयोजित हुई।इस मौके पर श्याम सुंदर भाटी, रमेश धाकड, रामलाल धाकड, निर्मल भाटी, रमेश सिंधी, परमानंद भाटी सहित मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

प्रदोष पर सहस्त्र धारा महोत्सव

अजमेर, (कासं)। श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की प्रदोष और शिवरात्रि शनिवार के पावन अवसर पर आज अजमेर शहर के शिवालयों में शिव भक्तों ने उत्साह और उमंग के साथ भोले बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर अभिषेक किया। श्री जागेश्वर महादेव मंदिर घी मंडी नया बाजार पर सहस्त्रधारा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवपूजन सहस्त्र जलधारा श्रृंगार एवं आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। विशेष पूजा अर्चना एवं सहस्त्रधारा आचार्य चंद्र स्वरूप एवं पंडित सुनील दाधीच के सानिध्य में की गई। इस अवसर पर महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति अजमेर के संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ श्री गोपाल बाहेती जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी शिव कुमार बंसल, उमेश शर्मा, सुरेश सोनी, मंदिर समिति के राजेश मिश्रा, गोविंद नारायण कुचीलिया, ललित डीडवानिया, अजय अग्रवाल, विजय सोनी, संदीप गोयल, प्रेमचंद गर्ग सहित कई जने उपस्थित थे।

परबतसर क्षेत्र में सड़कों का शिलान्यास

परबतसर, (निस) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट घोषणा में स्वीकृत नगरपालिका क्षेत्र परबतसर की सड़कों का शिलान्यास कार्यक्रम विडियो कांफ्रेंस के माध्यम किया गया। कार्यक्रम के लाईव प्रसारण को लेकर पंचायत समिति सभागार में एलडी के माध्यम में शिलान्यास कार्यक्रम में परबतसर से एसडीएम बलवीर सिंह जाट , पीडब्ल्यूडी एक्सईएन आरसी भट्ट , पार्षद लोकेश कुमार मालाकार, मनोनित पार्षद अणदाराम चोयल, रईस खान तथा प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश मुण्डवाडिया सहित अन्य लोग शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में नगरपालिका से कनिष्ठ सहायक, गणपत आचरा , मूलचंद सहित अन्य जन मौजूद रहे, लेकिन मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत विडियो कांफ्रेंस कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन तथा ईओ पिन्टु लाल जाट सहित कांग्रेस के अधिकतर पार्षद नदारद रहे।

नाबालिग को भगा ले जाने का मामला

परबतसर, (निस)। नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला स्थानीय थाने में दर्ज हुआ है । थानाधिकारी विनोदकुमार ने बताया कि थाना इलाके के एक गांव के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि मेरी पुत्री जो नाबालिग है और कक्षा 12 में पढ़ाई करती है । शुक्रवार दोपहर 3 से 4 के बीच घर पर थी जिसे हुलढाणी निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र रामसिंह बहला फुसलाकर शादी करने व दुष्कर्म करने की नियत से भगा ले गया । मेरी पुत्री घर से अपने पढ़ाई के कागजात सहित तीस हजार रुपये व गहने भी साथ ले गई । मुजरिम द्वारा मेरी नाबालिग पुत्री से शादी व दुष्कर्म करने की नियत से अपहरण कर लिया है । पुलिस ने एससी एसटी एक्ट सहित पोक्सो में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । जांच मकराना पुलिस उप अधीक्षक भवानी सिंह शेखावत कर रहे हैं।

11 फीट रुद्राक्ष शिवलिंग बनाया

डीडवाना, (नि.सं.)। डीडवाना उपखंड में श्री सत्यानंद अर्चना सेवा ट्रस्ट द्वारा आज शिव दुर्गा मन्दिर में 11फीट रुद्राक्ष शिवलिंग का निर्माण करके 10 दिन तक रुद्राभिषेक का कार्यक्रम किया गया। आरती भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। साथ ही महिलाओ द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा भाटी बास काली माता मन्दिर से प्रारंभ होते हुए शहर के मुख्य बास टीबा बास मोहन दास बास सिंघी बास से शिव दुर्गा मन्दिर पहुंची। कलश यात्रा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सत्यानंद स्वरूपानंद जी महाराज जी बताया की यह परिकल्पना मेरे गुरु अर्चना पुरी जी महाराज की प्रेरणा से आई। इसकी मुख्य भूमिका गुजरात के भाई पान चंदू भाई शुक्ल ने परियोजना बनाई। साथ ही समाज के लोगों द्वारा 11 फीट शिवलिंग का निर्माण करके 10 दिन रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चलेगा। साथ ही भागवत कथा का आयोजन किया गया है।

उच्च मा. विद्यालय में अबेकस शिविर

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए नयी तकनीकी से गणित को समझाने के लिए अबेकस शिविर लगाया। प्रधानाचार्य मीनाक्षी टाक व प्रशिक्षिका पल्लवी राहुल खंडेलवाल ने बताया कि मेघा अभिषेक बंसल के सौजन्य से आयोजित शिविर में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। बेहतरीन तकनीक से सभी बच्चों ने गणित के सभी समाधान पलभर में हल करना सीख लिया। प्रशिक्षण सामग्री भी मेघा अभिषेक बंसल द्वारा उपलब्ध कराई गई। प्रत्येक शनिवार विभिन्न विद्यालयों में ऐसे शिविर निरंतर लगाये जायेंगे, ताकि स्कूली बच्चे परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सके।

वैशालीनगर स्थानक में जैन रामायण का वाचन किया

अजमेर, (कासं)। युद्ध जीत लेने वाला विजेता नहीं होता है बल्कि वास्तविक विजेता तो वह होता है जो अपने कषायों व इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर लेता है। यदि हम अपना यह भव व आगे के भव सुधारना चाहते है तो हमारा लक्ष्य सांसारिक लड़ाईयां जीतना नहीं बल्कि अपने कषायों व इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करना होना चाहिए। ये विचार शनिवार को अजमेर में श्री जैन श्वेताम्बर संस्था पार्श्वनाथ कॉलोनी, वैशालीनगर के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में दादा गुरूदेव मरूधर केसरी मिश्रीमल म.सा., प्रवर्तक गुरूदेव सुकन मुनि म.सा. के आज्ञानुवर्ती सेवारत्न हरीश मुनि म.सा. ने जैन रामायण का वाचन करते हुए व्यक्त किए।

युवा तपस्वी मुकेश मुनिजी म.सा के सान्निध्य में आयोजित धर्मसभा में हरीशमुनि ने बताया कि किस तरह रावण, कुंभकर्ण व विभीषण लंका का राज पाने के लिए वहां के राजा वैश्रमण पर चढ़ाई कर देते है। इस युद्ध में भारी नरसंहार होता है। वैश्रमण देखता है तो उसे लगता है कि मेरे एक राज्य के कारण इतना बड़ा नरसंहार हो रहा है। इससे उसके भाव परिवर्तन हो जाते है और वह शस्त्र रख संयम की राह पर चलने की तैयारी करते है। ये देख रावण भी शस्त्र रख देता है व उसके पास आकर बोलता है कि आप हारकर भी जीत गए है।

कषायों व इन्द्रियों को जीत लेना ही सच्ची जीत है। धर्मसभा में मधुर व्याख्यानी श्री हितेश मुनिजी म.सा. ने जैन दर्शन के आधार 32 आगमों में से एक सुखविपाक सूत्र का वाचन करते हुए बताया किस तरह सुबाहुकुमार को पता चलता है कि उनके नगर के बाहर वाले बाग में वीर प्रभु महावीर पधारे है ओर पूरा नगर उनको सुनने जा रहा है। जिज्ञासावश सुबाहुकुमार भी वहां जाते है जहां परमात्मा प्रभु महावीर का समोवशरण लगा होता है।

धर्मसभा में युवा रत्न श्री नानेश मुनिजी म.सा. का भी सान्निध्य मिला। धर्मसभा में कई श्रावक-श्राविकाओं ने उपवास, एकासन, आयम्बिल आदि के प्रत्याख्यान भी लिए। धर्मसभा में पधारे अतिथि पत्रकार राजेन्द्र पोखरना का स्वागत श्रीसंघ द्वारा किया गया। संचालन श्रीसंघ के सचिव डॉ. पीएम जैन (डोसी) ने किया।

विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस का समारोह आयोजित

अजमेर, (कासं)। प्लास्टिक सर्जरी विभाग एवं जनरल सर्जरी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. एस.के. भास्कर ने उपस्थित संकाय सदस्यों एवं छात्रो को बधाई देते हुये प्लास्टिक सर्जरी विषय की आवश्यक्ता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य एवं पूर्व अधीक्षक डॉ. अनिल जैन ने विभागाध्यक्षा डॉ. मधु माहेश्वरी द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा कि पूर्व अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. संजीव माहेश्वरी ने आदिकालीन प्लास्टिक सर्जन आचार्य सुश्रुत को नमन करते हुये प्राचीन भारत में उनके द्वारा की गई प्लास्टिक सर्जरी अनुक्रमों को उद्धृत कियापूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. जे.सी. बैंद्य एवं डॉ. टी.पी. देवपुरा ने भी प्लास्टिक सर्जरी विभाग द्वारा की जा रही मरीज़ो की सतत् सेवायों की प्रशंसा की।

सर्जरी विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. यू.एस. परिहार ने भगवान शिव द्वारा भगवान गणेश पर हाथी के मस्तक का प्रत्यारोपण किया जाना प्लास्टिक सर्जरी का ही प्रारूप बताया।

विभागाध्यक्षा डॉ. मधु माहेश्वरी ने बताया कि वर्ष 2011 में डॉ. राजा सभापति द्वारा 15 जुलाई को राष्ट्रीय प्लास्टिक सर्जरी दिवस घोषित किया गया जिसे सम्पूर्ण विश्व में विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस स्वीकार किया और इस प्रकार भारतवर्ष के प्रयासों को पुन: एक बार वैश्विक मान्यता मिली।

समारोह में एस.एम. एस. मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जरी विभाग पूर्व विभागाध्यक्षा डॉ. मालती गुप्ता द्वारा बनाये गये पोस्टर का विमोचन भी सभी उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा किया गया। इस समारोह में मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. गीता पचौरी, पूर्व डॉ. जे.सी. झंवर, एनेस्थिसिया की विभागाध्यक्षा डॉ. वीना माथुर, वरिष्ठ आचार्या डॉ. कविता जैन एवं वीना पटौदी, आचार्य डॉ. अरविन्द खरे शिशु रोग के वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पुखराज गर्ग, रेडियेशन ऑकॉलोजी विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र शाह आदि अन्य फैकल्ड़ी मेम्बर उपस्थित रहे।

सड़कों का शिलान्यास किया

डीडवाना, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीडवाना - कुचामन नवगठित जिले के नगरपरिषद और नगरपालिका क्षेत्र में सड़कों का शिलान्यास किया। नगरपरिषद मकराना में 27.90 किलोमीटर की 50 सड़कें, नगरपरिषद कुचामनसिटी में 16.55 किलोमीटर की 7 सड़कें, लाडनूं में 9.15 किलोमीटर की 9, डीडवाना में 6.61 किलोमीटर की 10, परबतसर में 18.70 किलोमीटर की 18, नावां में 7.54 किलोमीटर की 10 तथा बोरावड़ में 11.17 किलोमीटर के 19 सड़क कार्यो का शिलान्यास किया गया। डीडवाना नगरपालिका सभागार में वीसी के माध्यम से स्थानीय अधिकारी जुड़े जिसमे एडीएम श्योराम वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष रचना होलानी, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता जितेंद्र कुमार जांगिड़ मौजूद रहे।

अमरापुर सेवा घर में गोष्ठी आज

अजमेर, (कासं)। 'सिन्ध इतिहास एवं साहित्य शोध संस्थान' श्री अमरापुर सेवा घर, 423 प्रगति नगर, कोटड़ा, अजमेर के द्वितीय तल पर रविवार 16 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे से आराध्यदेव झूलेलाल चालीहो के महत्व पर विचार गोष्ठी व विद्यार्थियों को सिन्धी भाषा जोडने के लिये आओ सिन्धी सीखें कक्षा का आयोजन किया जायेगा।

संस्थान के अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह रविवार को दोपहर 2.30 बजे संगोष्ठी 'अचो त सिन्धी सिखूं' आओ तो सिन्धी सिखें और जाने अपनी संस्कृति को जानने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी क्रम में 16 जुलाई से 25 अगस्त झूलेलाल चालीहो के कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं जिस पर प्रकाश डालने पर विशेष वक्ताओं का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सिन्धी सिखाने के लिये रीटा चंदीरामाणी व द्रोपदी गोपालाणी द्वारा अध्ययन कराया जायेगा।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने रैली निकाली

अजमेर, (कासं)। शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने 11 सूत्री मांगों को लेकर अजयमेरू, अजमेर उपशाखा के संयुक्त तत्वाधान में ज्योतिबा फूले सर्किल से जिला परिषद तक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश पर्यवेक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सुषमा बिश्नोई उपस्थित रही। रैली द्वारा पदयात्रा कर जन जागरूकता का काम किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि रैली में अनेकों की संख्या में शिक्षक उपस्थित थे उनके हाथों में अपनी मांगों को लेकर हाथो में तख्तियां थी।

जिसमें प्रमुख मांगे लिखी हुई थी नारे लगाते हुए शिक्षक, शिक्षिकाए चल रही थी।जिसमें प्रमुख मांगे खेमराज कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करना, वेतन विसंगतियों का निराकरण, राज्य कर्मचारियों का 8,16,24 32 वर्ष में एसीपी का लाभ, स्थानांतरणसे प्रतिबंध हटाने, उपार्जित अवकाश की सीमा समाप्त करने, नियमित पेंशन वृद्धि, स्थानांतरण की स्पष्ट नीति बनाने, बीएलओ व अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों मुक्त करने, आदि मांगे प्रमुख रूप से सरकार से की गई।

प्रदेश पर्यवेक्षक सुषमा विश्नोई ने संबोधित कियाद्ध उन्होंने मांगों का निराकरण नहीं होने तक आन्दोलन के चरण के बारे में जानकारी दी।

प्रदेश सचिव भंवर सिंह राठौड़ ने आंदोलन के बारे जानकारी दी । तथा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने अगला चरण में जिला स्तर पर आंदोलन करना, 4 अगस्त को प्रदेश स्तर पर और उठा आंदोलन किया जाएगा।

भगवान सिंह गौड़ व सुरेंद्र पाल सिंह चौधरी ने रैली में आए हुए शिक्षक साथियों का आभार व्यक्त किया।

रैली में रामकंवर विजयवर्गीय, विष्णु सिंह राठौड़, रेखा बघेल, चन्द्र शेखर शर्मा, अमित शर्मा, मनीषा घारू, बंदना मिश्रा, भरत सिंह सुरेंद्र सिंह राठौड़ शंभू सिंह अजय शर्मा, मनीष कसाना, रोहिताश्व सारस्वत राजबाला, हेमचंद, दीपक, लालाराम, ओम प्रकाश शर्मा, राजेश वैष्णव, योगेश पारीक, प्रवीण शर्मा, राजेश वैष्णव, अजय पूनिया, वरुण सेन सुरेश वैष्णव, ललित शिवनानी, गोरधन कुमार, महेश शर्मा, रोहिणी, शकुंतला, मृदुला, हेमलता, मुकुंद, दीपक आदि अनेक संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

पीड़ित की सेवा लायंस की प्राथमिकता : गर्ग

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर सिटी का पदस्थापना समारोह वैशालीनगर स्थित लायंस भवन में उपप्रांतपाल द्वितीय लायन रामकिशोर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

एडिशनल डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि समारोह की शुरुआत लायंस के जनक मेलविन जॉन्स की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर की गई। निवर्तमान अध्यक्ष लायन ओ एस माथुर ने स्वागत भाषण दिया।

मुख्य अतिथि एवम् पदस्थापना अधिकारी उपप्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग ने अध्यक्ष लायन अशोक गुप्ता, सचिव लायन संजय जैन, कोषाध्यक्ष लायन हरीश बंसल सहित नई कार्यकारिणी को पद का दायित्व समझाते हुए पदस्थापित कराया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लायन सदस्यों की पहली प्राथमिकता पीड़ित मानव की सेवा करना हैं। इसी उद्देश्य को लेकर आज से 106 वर्ष पूर्व इसकी स्थापना हुई, जो आज विश्व के सबसे बड़े स्वयं सेवी संस्था के रूप में जानी जाती हैं। हमे गर्व हैं की हम ऐसी संस्था के सदस्य हैं ।

संभागीय अध्यक्ष लायन लोकेश अग्रवाल , क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन नयना सिंह भी मंचासीन थे।

कार्यक्रम में पूर्व प्रांतपाल लायन ओ एल दवे, लायन सतीश बंसल, लायन अमितप्रभा शुक्ला, लायन नंदलाल पोखरना, लायन अनुराग जैन, लायन विष्णुप्रकाश हेडा, लायन , लायन आभा गांधी, लायन अनिल छाजेड, लायन प्रमोद शर्मा, लायन राजकुमारी पांडे, लायन संदीप दोषी, लायन अजय गोयल सहित विभिन्न लायंस क्लब के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, पदाधिकारी, सदस्य एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों के हाथों विभिन्न सेवा कार्य भी संपन्न कराए गए।

शिलान्यास किया

बिजयनगर, (निसं)। मुख्यमंत्री के वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम के तहत पालिका के सभा भवन में उपखंड अधिकारी भरत राज गुर्जर विधायक प्रतिनिधि अवधेश पारीक नगरपालिका चयन रामकरण शर्मापीडब्ल्यूडी के ए ई एन अमी चन्द मीणा की उपस्थिति में नगर पालिका विजयनगर क्षेत्र मेंकरीब 6 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 17 किलोमीटर लम्बी सड़क का शिलान्यास किया गया। नगरपालिका के सभा भवन में आयोजित वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षद राजेंद्र गुर्जर, अमित जोशी, ओमप्रकाश मेघवाल, लादू लाल भील, ऋषि जांगिड़, दौलतराम, माणकचंदानी सिंह राठौड़, गोपाल रावत, भवानी सिखवाल व लक्ष्मीकांत छिपा सहित पार्षद नगरपालिका कर्मी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

अस्पताल के लिये भूमि आवंटित करने की मांग

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। राज्य कर्मचारी बीमा निगम स्थानीय समिति सदस्य तथा श्रमिक नेता वी.के.सक्सेना ने किशनगढ़ नगर परिषद को पत्र प्रेषित कर 100 बेडेड ईएसआई अस्पताल के लिए 12 बीघा भूमि आवंटन करने की मांग की है।

सक्सेना ने सभापति दिनेश सिंह राठौड़ व आयुक्त धर्मपाल जाट को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया की किशनगढ़ एयरपोर्ट के पास अजमेर विकास प्राधिकरण के रकबे की भूमि को कलेक्टर द्वारा नगर परिषद के नाम नामांतरण किये जाने से विभाग को अस्पताल हेतु भूमि आवंटन का रास्ता प्रशस्त हो गया। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा फरवरी माह में 100 बेडेड ईएसआई अस्पताल स्वीकृत किये जाने से आसपास के क्षेत्र के पुरे श्रमिक जगत में खुशी की लहर दौड़ गई थी। सक्सेना के अनुसार नगर परिषद द्वारा भूमि आवंटन करते ही ई.एस.आई विभाग तत्काल अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू कर देगा।

पर्यावरण जन चेतना यात्रा का शुभारंभ पांचलासिद्धा से

नागौर, (नि.सं.)। सम्पूर्ण विश्व में आज पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक नई जागरूकता का संचार हुआ है। इस प्रकार की जागरूकता की आज अत्यधिक आवश्कता है।

प्रकृति के प्रति आदर का भाव एवम् पेड़ पौधों के प्रति अपनत्व के भाव का जागरण करने के उद्देश्य से अमृता देवी पर्यावरण नागरिक (अपना) संस्थान, जोधपुर के मार्गदर्शन में आगामी 13 अगस्त से 27 अगस्त तक पर्यावरण जन चेतना यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पर्यावरण की रक्षा में ही देश की सुरक्षा निहित है। इस पर्यावरण संरक्षण संबंधी जन चेतना यात्रा से पूर्व गांव गांव में युवाओं द्वारा सघन पौधरोपण, संगोष्ठी, रैली, बीज वितरण, वीडियो के माध्यम से डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन, पर्यावरण प्रेमी सम्मान, लघु नाटिका,पर्यावरण विषयक भजन संध्या आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

पर्यावरण जन चेतना यात्रा का शुभारंभ नागौर जिले में 13 अगस्त को पांचला सिद्धा से होगा । जहां से यात्रा पांचौड़ी, गोगेलाव से अलाय पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम होगा ।

अलाय में रात्रि विश्राम के सभी कार्यक्रम यथा एकांकी, पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान, विषय पर प्रबोधन, संकल्प आदि कार्यक्रम होंगे । 14 अगस्त को जोधियासी, अमरपुरा, डेह, खिंयाला, जायल से रात्रि कार्यक्रम के नाते रोल पहुंचेगी। 15 अगस्त को मूंडवा, कुचेरा, खुड़ी, सांजु कार्यक्रम के निमित्त पहुंचेगी।16 अगस्त को जाखेड़ा, गच्छीपुरा, रानीगांव, खाटू होते हुए निम्बीजोधा प्रवास रहेगा। 17 अगस्त को दुजार, जसवंतगढ़, मिठड़ी, दयालपुरा, दौलतपुरा कार्यक्रम रहेगा । 18 अगस्त को डीडवाना, कोलिया, तोषिना, मौलासर होते हुए लादड़िया पहुंचेगी। डीडवाना में सवेरे शोभायात्रा सहित अनेक कार्यक्रम होंगे।

इस दौरान 19 अगस्त को कुचामन, चितावा, मारोठ, लूनवा, पांचौता में कार्यक्रम होंगे । 20 अगस्त को यात्रा नावा, मिठड़ी, बुडसू, बोरावड़,जूसरी मंगलाना पहुंचेगी।

21 अगस्त को परबतसर, बड़ू, बागोट, पीपलाद, पीलवा में पौधारोपण सहित भाव जागरण के कार्यक्रम होंगे। 22 अगस्त को थांवला, भैरूंदा, हरसौर, जावला, कीतलसर में कार्यक्रम होंगे ।23 अगस्त को डेगाना, पादुकला, रियाबडी, जसनगर, गगराना, सतलावास,24 अगस्त को मेड़ता, लांपोलाई, इडवा, रेण होते हुए मेड़ता रोड़ रात्रि विश्राम करेगी।

25 अगस्त को यात्रा गोटन, हरसोलाव, खजवाना, संखवास में संत शक्ति के पावन सान्निध्य व पर्यावरण प्रेमियों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम रहेगा। 26 अगस्त को नागौर, खरनाल, भाकरोद, टांकला होते हुए खींवसर पहुंचेगी जहां से 27अगस्त को खेजड़ली गांव पहुंचेगी जहां 28 अगस्त को यात्रा का स्वागत किया जायेगा।

सार-समाचार

पुष्कर में ए.सी.जे.एम. कोर्ट की मांग

पुष्कर, (निसं)। आरटीडीसी के चेयरमेन धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ के पुष्कर आगमन पर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ताओं द्वारा पुष्कर में एसीजेएम कोर्ट खोले जाने की मांग रखी। बार एसोसिएशन पुष्कर के अध्यक्ष कुलदीप पाराशर ने बताया कि पुष्कर में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय का संचालन 1993 से हो रहा है जो कि प्रथम श्रेणी का न्यायालय है। न्यायालय में दीवानी एवं फौजदारी प्रकृति के लगभग 3500 मामले विचाराधीन है। विचाराधीन मामले ज्यादा होने से पक्षकारों के मामलों की शीघ्र सुनवाई नहीं होने से पक्षकारों को न्याय प्राप्ति में काफी विलम्ब हो रहा है। न्यायालय का नया परिसर वर्ष 2008 में दो मंजिला बना हुआ है जिसके सतह परिसर में वर्तमान न्यायालय संचालित हो रहा है। प्रथम तल में बने एक कमरे में ग्राम न्यायालय पीसांगन का केम्प कोर्ट संचालित हो रहा है शेष कमरे व हॉल खाली है जिसमें एसीजेएम कोर्ट संचालन हेतु पर्याप्त जगह उपलब्ध है। समय की मांग को देखते हुए पक्षकारों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की मंशा को दृष्टिगत रखते हुए अतिशीघ्र तीर्थराज पुष्कर में अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय (एसीजेएम) कोर्ट खोले जाने हेतु विधान सभा के वर्तमान सत्र में उच्च स्तरीय कार्यवाही कर स्वीकृत कराने की मांग रखी। इस अवसर पर बार के सचिव सन्दीप पाराशर, पुरूषोत्तम जाखेटिया, एसके चौधरी, रघु पारीक, अर्जुन सिंह राठौड़, मदन सांखला, मुकेश सुनारीवाल, फिरोज मोहम्मद, प्यारे मोहन गुप्ता, अमित गौतम, सुरेश खटीक, राजेश उदय, महेश जाचक आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

16 किलो डोडा चूरा बरामद

अजमेर, (कासं)। जीआरपी पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को कार्यवाही करते हुए ट्रेन में अवैध मादक पदार्थ का परिवहन के मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया। पुलिस ने तस्कर के कब्जे से 16 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया है, जिसकी बाजार की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई है। पुलिस गिरफ्तार के आरोपी से गहनता से पूछताछ में जुटी है। जीआरपी थाना प्रभारी फूलचंद बालोटिया ने बताया कि जीआरपी एसपी पूजा अवाना के आदेशों पर आबकारी और एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाने पर एक टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। टीम के द्वारा रेलवे स्टेशन पर गश्त की जा रही थी। दौरान प्लेटफार्म नंबर 6 पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। तलाशी ली तो उनके पास से 16 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। थाना प्रभारी ने बताया कि जिसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए जिला जोधपुर निवासी आरोपी तस्कर भैरा राम को गिरफ्तार किया गया। साथ ही एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। वहीं 16 किलोग्राम डोडा चूरा को जप्त कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया की पूर्व में भी आरोपी मादक पदार्थ की तस्करी कर चुका है।

जैन मुनि की निर्मम हत्या से आक्रोश

बिजयनगर, (निसं)। कर्नाटक में जैन आचार्य काम कुमार नंदी मुनि की बर्बर हत्या को लेकर सकल जैन समाज में आक्रोश व्यक्त करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। श्री दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष प्रभा चंद बड़जात्या, मंत्री टीकम चंद जैन, श्री जैन श्वेतांबर स्थानकवासी संघ अध्यक्